an>

Title: Need to operate direct international flights from Jaipur Airport, Rajasthan to Bangkok, Singapore, Hongkong, Shanghai and Kualalumpur.

श्री रामचरण बोहरा (जयपुर शहर): जयपुर शहर वर्ल्ड क्लास एवं स्मार्ट सिटी की ओर अग्रसर हो रहा है। यहाँ जवाहरात उद्योग, रंगाई, छपाई व पर्यटन उद्योग की असीम संभावनाएं हैं। प्राचीन समय से ही जयपुर गुलाबी नगर के नाम से प्रसिद्ध है। जयपुर का रत्न व्यवसाय लगभग 300 वर्ष पुराना है। इस व्यवसाय से लगभग 3 लाख लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। जयपुर कलर जैम्स स्टोन कटिंग व पॉलिश के लिए विश्व का सबसे बड़ा केन्द्र है। प्रतिवर्ष बैंकॉक व हांगकांग में चार प्रदर्शिनियों का आयोजन किया जाता है। इसी अवसर पर पाँच से आठ हजार यात्री इन देशों की यात्राएं करते हैं। इसी प्रकार एशिया महाद्वीप के अन्य देश जापान, चीन आदि में भी आयोजित प्रदर्शिनों में जयपुर से हजारों जौहरी भाग लेने जाते हैं। यह व्यापार मुख्यतयाः बैंकॉक, सिंगापुर, हांगकांग, शंघाई एवं कुआलालम्पुर से किया जाता है एवं इन देशों के व्यापारी भी जयपुर से सीधी विमान सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण यहाँ आने में असुविधा महसूस करते हैं। परिणामस्वरूप वहाँ के व्यापारी विश्व के दूसरे देशों में व्यापार के लिए चले जाते हैं एवं हमें राजस्व आय में प्राप्त होने वाली विदेशी मुद्रा से वंचित होना पड़ता है।

पर्यटन की दृष्टि से देखे तो सन् 2013 से 3,02,98,150 भारतीय एवं 14,37,162 विदेशी पर्यटक राजस्थान में आये थे उनमें से 11,04,905 भारतीय एवं 5,66,429 विदेशी पर्यटक जयपुर में आये। लेकिन जयपुर से बैंकॉक, सिंगापुर, हांगकांग, शंघाई एवं कुआलालम्पुर के लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण जयपुर का संपूर्ण जवाहरात उद्योग एवं पर्यटन उद्योग प्रभावित हुआ है। जयपुर जवाहरात की मण्डी है। यहाँ माल की खरीद के लिए विदेशों से भी काफी संख्या में रत्न व्यवसायी एवं पर्यटकों को आने-जाने में सुविधा होगी। अतः इन शहरों के लिए जयपुर से सीधी विमान सेवा प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सीधी विमान सेवा प्रारंभ करने से जवाहरात उद्योग एवं पर्यटन व्यवसाय व रंगाई, छपाई उद्योग जो सांगानेरी हैंडप्रिन्ट के नाम से जाना जाता है जो विश्व प्रसिद्ध है, में गति आने से रोजगार के साधन सुलभ होंगे व राजस्व की प्राप्ति भी हो सकेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि अंतर्राष्ट्रीय विमान पतन प्राधिकरण जयपुर से बैंकॉक, सिंगापुर, हांगकांग, शंघाई एवं कुआलालम्पुर के लिए सीधी विमान सेवा प्रारंभ किए जाने का श्रम करावें।